# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/गोपनीय/2025/354 दिनांक 09.06.2025

## ई–निविदा विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए बार कोडेड/क्यू.आर. कोडेड ओ.एम.आर. शीट निर्मित कर विश्वविद्यालय के गोपनीय/परीक्षा विभाग तक पहुँचाने एवं विश्वविद्यालय परिसर मे मूल्यांकन कर डाटा (परिणाम) गोपनीय विभाग को उपलब्ध कराये जाने हेतु निविदा की शर्तो के अधीन आनलाईन ई–निविदा दिनांक 01.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर तथा www.mpeproc.gov.in पर देखा जा सकता है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की ओर भेजकर अनुरोध है कि उपर्युक्तानुसार पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट में प्रदर्शन हेतु उपलब्ध करायें।
2. सम्पादक, ..............................................................................................................
   उपर्युक्त निविदा सूचना को संलग्न साइज (12x4=48 scm) में ही एक बार प्रकाशित कर देयक दो प्रतियों में समाचार पत्र की प्रति के साथ भुगतान हेतु प्रस्तुत करायें। इससे अधिक साइज में मुद्रित करने पर अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।
3. वित्त नियंत्रक।
4. परीक्षा नियंत्रक।
5. सहायक संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
6. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज़ सहायक।

प्रकाशन दिनांक......................................

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)

# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक / गोपनीय / 2025 / 354 दिनांक 09.06.2025

## अल्पकालिक ई–निविदा विज्ञप्ति

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की परीक्षाओं के लिए बार कोड/क्यू.आर. कोडेड ओ.एम.आर. शीट लगभग दो लाख संख्या जिनका Scanner/Machine Reader से Scan कर मुल्यांकित डाटा Retrieve कर विश्वविद्यालय के गोपनीय/परीक्षा विभाग तक पहुँचाने हेतु किसी भी विश्वविद्यालय का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव एवं फर्म की स्वयं की स्थापित Barcode Printing एवं Scanning की समुचित क्षमता रखने वाले प्रिंटरों से निविदा की शर्तो के अधीन आनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा का सम्पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर देखा जा सकता हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण www.mpeproc.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

- निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 10.09.2025 से मिलना प्रारम्भ होकर दिनांक 01.07.2025 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।
- निविदा आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि 01.07.2025 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
- निविदा प्रपत्र के मूल दस्तावेज (लिफाफा "A") विश्वविद्यालय के कार्यालय में रजिस्टर्ड पोस्ट से प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04.07.2025 अपरान्ह 5:00 बजे तक।
- मुख्य लिफाफा A के अन्दर रखे गए निविदा प्रपत्र के मूल दस्तावेज (लिफाफा– "B" ) का परीक्षण विश्वविद्यालय कार्यालय में दिनांक 06.07.2025 अपरान्ह 3:00 बजे।
- मुख्य लिफाफा "A" के अन्दर रखे गये निविदा दर प्रपत्र (वित्तीय बिड लिफाफा "C") खोलने का दिनांक 10.07.2025 अपरान्ह 4:00 बजे।

निविदा डाउनलोड कर भेजें जाने वाले प्रपत्र, जिसकी मूल्य राशि 2000/– (वापसी योग्य नहीं) है की आनलाइन जमा रसीद संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अभाव में निविदा पत्र मान्य नहीं होगा।

**नोट**–निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन केवल विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा। समाचार पत्र में नहीं।

कुलसचिव

# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

**–:: निविदा तकनीकी प्रपत्र ::–** **दिनांक :**

1. निविदाकार/फर्म/संस्था का नाम : ................................................
2. पूरा पता : ................................................
: ................................................
3. दूरभाष क्रमांक, फेक्स एवं ई–मेल : ................................................
– लेण्ड लाईन नम्बर : ................................................
– फेक्स नम्बर : ................................................
– ई–मेल : ................................................
– मोबाइल नम्बर : ................................................
4. आयकर स्थायी खाता क्रमांक : ................................................
(PAN NUMBER)

(छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें।)

| क्र. | | संलग्न |
|---|---|---|
| 1 | निविदा राशि रू. 2000/– की आनलाइन रसीद | |
| 2 | निविदा अर्नेस्ट मनी रू. 1,00,000/– | |
| 3 | अनुभव प्रमाण–पत्र/कार्य आदेश की छाया प्रति | |
| 4 | OMR का नमूना प्रति | |
| 5 | 120 GSM | |
| 6 | शपथ पत्र शर्त क्रमांक 14 के अनुसार | |
| 7 | निविदाकर्ता के गत तीन वर्षो के (चार्टड शीट एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित) आडिटेड व्यापारखाते, लाभ हानि खाते एवं बैलेन्स की प्रति | |
| 8 | पैन कार्ड एवं वाणिज्य कर/वैट/टिन/ GST/पंजीयन क्र. की छायाप्रति | |
| 9 | शपथ पत्र शर्त क्रमांक 15 के अनुसार | |
| 10 | अन्य या अनुबन्ध व्यवस्था पर | |
| 11 | फर्म का संबन्धित कार्य संबंधी स्वयं के स्थापित उपकरणों का विवरण | |

नोट– समस्त छायाप्रतियॉ निविदाकार फर्म/संस्था द्वारा स्वयं प्रमाणित एवं हस्ताक्षीत (फर्म/संस्थान की सील सहित) होनी चाहिए।

दिनांक : ....................................

हस्ताक्षर ....................................

निविदाकार फर्म/नाम संस्था की मुद्रा सहित

# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक / गोपनीय / 2025 / 354 दिनांक 09.06.2025

निविदा की शर्त

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की विभिन्न परीक्षाओं के लिये बार कोडेड/क्यू.आर. कोडेड ओ.एम.आर. शीट निर्मित कर विश्वविद्यालय के कार्यालय तक परिवहन कर पहुँचाने हेतु एवं विश्वविद्यालय परिसर मे मूल्यांकन कार्य उपरान्त डाटा उपलब्ध कराये जाने हेतु न्यूनतम तीन वर्ष का विश्वविद्यालयों/सरकारी/अन्य शैक्षणिक संस्थानों का अनुभव एवं फर्म की स्वयं की स्थापित क्षमता रखने वालें आपूर्तिकर्ताओं से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्त निम्नानुसार है–

1. निविदा पत्र एवं निविदा की शर्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.mpeproc.gov.in से डाउनलोड कर भरें तथा प्रपत्र मूल्य राशि 2000 (वापसी योग्य नही) आनलाइन जमा कर रसीद संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अभाव में निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा। (रसीद मुख्य लिफाफा "A" में रखे)

2. (a) निविदा पत्र दिनांक 01.07.2025 को अपरान्ह 5:00 बजे तक अथवा इसके पूर्व आनलाईन सबमिशन हो जाना चाहिये। विलम्ब के लिये विश्वविद्यालय प्रतिश्रुत एवं उत्तरदायी नहीं होगा। विलम्ब से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

(b) आनलाईन सबमिशन की गई निविदाओं के मूल दस्तावेज (तकनीकी बिड) के चपड़ा सील बंद मुख्य लिफाफा "A" जिसमें सील बंद लिफाफे "B" एवं "C" रखे हों, विश्वविद्यालय में दिनांक 04.07.2025 को अपरान्ह 5:00 बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट से प्राप्त होना अनिवार्य है। इसके पश्चात प्राप्त निविदा अमान्य होगी।

3. तकनीकी बिड का निविदा पत्र (लिफाफा "B"(दिनांक 06.07.2025 को विश्वविद्यालय मुख्यालय के कार्यालय में दिनांक 06.07.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधि के समक्ष निर्धारित समिति के द्वारा सत्यापन किया जावेगा।

4. (a) निविदा पत्र के साथ रूपये 1,00,000/– (एक लाख रूपये मात्र) की धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) ऑनलाइन कुलसचिव अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के पक्ष में संलग्न करना आवश्यक है। इसके अभाव में निविदा अमान्य कर दी जायेगी। (ऑनलाइन रसीद/लिफाफा "B" में रखे)

(b) निविदा स्वीकार हो जाने पर निविदाकार की अमानत राशि सुरक्षित रखी जायेगी जो कार्य संतोषजनक सम्पन्न होने के उपरान्त वापस कर दी जायेगी।

5. मुद्रित समस्त प्रकार की आपूर्ति का गत 03 वर्ष का अनुभव प्रमाण–पत्र एवं कार्यादेश संलग्न करें जो अन्य केन्द्रीय विश्वविद्यालय/राज्य विश्वविद्यालय/सरकारी/शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जारी किया गया हो।

फर्म द्वारा मुद्रित OMR Sheet की आपूर्ति से सम्बन्धित पिछले 03 वर्षों में निम्न विवरणानुसार उल्लेखित कार्य या उससे अधिक कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण करने का प्रमाण पत्र, जो कि सम्बन्धित संस्था जिसके लिए कार्य किया गया है द्वारा जारी किया गया हो, संलग्न करना आवश्यक है।

(अ) कम से कम एक कार्य रू. 30 लाख या अधिक का संतोषजनक पूर्ण किया गया हो।

**अथवा**

(ब) कम से कम दो कार्य रू. 50 लाख प्रत्येक या उससे अधिक के संतोषजनक पूर्ण किये गये हो।

**अथवा**

(स) कम से कम तीन कार्य रू. 75 लाख प्रत्येक या उससे अधिक के संतोषजनक पूर्ण किये गये हो।

**अथवा**

(द) विगत 03 वर्षो में OMR Sheet प्रदाय करने का एक वर्ष में रू. 10 लाख का किसी भी सरकारी संस्था के मुद्रण/विश्वविद्यालय में मुद्रण का एकल आदेश होना चाहिए

6. विश्वविद्यालय गुणवत्ता को ध्यान रखते हुए न्यूनतम निविदा स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं होगा तथा ऐसी परिस्थिति में किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने के लिये स्वतंत्र रहेगा।

7. निविदा स्वीकृति की सूचना अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा द्वारा संबंधित निविदाकार को दे दी जावेगी। सूचना मिलते ही निविदाकार को अपने व्यय पर रू. 100/– मूल्य के मुद्रांक (स्टाम्प पेपर) पर अनुबंध पत्र निष्पादन के लिये उपस्थित होना पड़ेगा। अनुबंध पत्र निष्पादित होने तथा कार्य आदेश जारी होने के पश्चात ही उत्तर पुस्तिकाओं का निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा। **अनुबंध पत्र अनुबंध सम्पादित होने की तिथि से 01 वर्ष तक विश्वविद्यालय की आवश्यकता के अधीन लागू रहेगा।**

8. असफल निविदाकारों की धरोहर राशि प्राप्त निविदाओं पर विचार करने के पश्चात अधिकतम एक माह की अवधि में लौटा दी जावेगी। यदि निविदाकार निविदा स्वीकृत संबधी सूचना मिलने के 07 दिवस के अंदर अनुबंध पत्र का निष्पादन नही करेगा, अथवा निर्धारित समय में कार्य सम्पन्न नहीं करेगा तो उसकी धरोहर एवं सुरक्षा जमा राशि विश्वविद्यालय कोष में राजसात (जब्त) हो जायेगी।

9. विश्वविद्यालय के आदेशानुसार मुद्रित एंव निर्मित OMR Sseet को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय तक पहुॅचाने एव उतार कर निर्देशित स्थान पर अनुबन्ध ग्रहीता को रखवाना होगा। एवं विश्वविद्यालय परिसर मे OMR Sheet का मूल्यांकन कार्य निर्देशानुसार कराकर प्रिंटेड हार्ड कॉपी Data प्रदान किया जाना होगा।

10. निविदाकर्ता का टर्नओवर पिछले 3 वर्षो का (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) प्रति वर्ष न्यूनतम रूपये 500000 (पचास लाख मात्र) होना चाहिए। (चार्टड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित कर आडिटेड व्यापार खाते, लाभ हानि खाते एवं बैलेन्स शीट की कापी अनिवार्यरूप से संलग्न करें)।

11. (a) OMR निर्माण कार्य विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार/निर्धारित तिथि तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर विश्वविद्यालय तक सूचना पहुचाना होगा।
(b) यह आवश्यक नहीं है कि निविदा शर्त उल्लेखित संख्या (लगभग दो लाख) अनुसार ही विश्वविद्यालय OMR का निर्माण करवाए। विश्वविद्यालय के पास विकल्प होगा कि आवश्यकतानुसार वह उक्त संख्या से कम/अधिक OMR Sheet
निर्मित करवाने एवं प्रदाय कराने हेतु आदेश प्रदान करे।

12. निर्माणकर्ता का गोदाम तथा इस कार्य हेतु फर्म की स्थापित क्षमता विश्वविद्यालय अधिकारियों के लिये खुला रहेगा और उनको समय–समय पर OMR के निर्माण संबंधी प्रगति की जांच करने का पूरा अधिकार होगा।

13. निविदा–पत्र के साथ OMR के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली मशीनरीज की सूची तथा कागज रखने में प्रयुक्त होने वाले गोदाम संबंधी जानकारी भी संलग्न करना होगा, ताकि निर्माणकर्ता की कार्य–दक्षता का आंकलन किया जा सके। इन जानकारियों के अभाव में निविदा–पत्र निरस्त कर दिया जाएगा। (ये जानकारिया लिफाफा "B" में रखें)

14. निविदाकर्ता के पास आयकर का स्थायी खाता क्रमांक एवं वाणिज्य कर/वैट/टिन पंजीयन क्रमांक होना आवश्यक है। (ये छायाप्रतियां लिफाफा "B" में रखें)

15. निविदाकार के पास स्वयं ही उक्त मुद्रण करने एवं स्कैनिंग की क्षमता होनी चाहिए। प्रदायित मुद्रण कार्य किसी अन्य संस्था (आउटसोर्स) द्वारा नहीं कराया जायेगा। निविदा एक ही फर्म द्वारा प्रस्तुत करना होगा। कनवेसिंग की स्थिति में निविदा निरस्त मानी जावेगी। इस हेतु फर्म के लेटर हेड पर शपथ पत्र देना आवश्यक है।

आवश्यकता होने पर विश्वविद्यालय की समिति उसका निरीक्षण कर सकेगी।

16. निविदाकार के पास एक लैण्ड लाइन फोन एवं दो मोबाइल फोन एवं ऐसा सूचना तंत्र होना आवश्यक है जिस पर विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी समय सूचना अथवा आदेश दिया जा सके अथवा OMR Sheet के निर्माण एवं परिवहन संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सके। इसकी जानकारी संलग्न करें।

17. कागज की गुणवत्ता हेतु मान्य शासकीय प्रयोगशाला का प्रमाणन संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। कागज की गुणवत्ता तथा मुद्रण की गुणवत्ता के बारे में विश्वविद्यालय को यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो विश्वविद्यालय द्वारा मुद्रण के दौरान/बाद में मुद्रित एवं बिना मुद्रित कागज के नमूने एकत्रित कर किसी रासायनिक प्रयोगशाला में जॉच करायी जा सकती है। या क्रयादेश निरस्त किया जा सकेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

18. **पेनाल्टी क्लाज** :–(a) विश्वविद्यालय के क्रय आदेशानुसार निर्दिष्ट समय में यदि अनुबंधग्रहिता OMR का प्रदाय करने में असमर्थ हो जाता है, तो प्रदाय में विलम्ब के लिये निम्नानुसार पेनाल्टी आक्षेपित की जाएगी एवं आरोपित पेनाल्टी की राशि अनुबंधग्रहिता के बिल में से कटौती कर ली जाएगी :–

| | **विलम्ब की अवधि** | **पेनाल्टी** |
|---|---|---|
| A | प्रदाय में एक से दो दिन का विलम्ब होने पर | प्रदायित OMR Sheet के मुल्य की 1% राशि |
| B | प्रदाय में तीन से पांच दिन का विलम्ब होने पर | प्रदायित OMR Sheet के मुल्य की 2% राशि |
| C | प्रदाय में छः से आठ दिन का विलम्ब होने पर | प्रदायित OMR Sheet के मुल्य की 3% राशि |
| D | प्रदाय में नौ से दस दिन का विलम्ब होने पर | प्रदायित OMR Sheet के मुल्य की 5% राशि |
| E | दस दिन से अधिक विलम्ब होने पर | प्रदायित OMR Sheet के मुल्य की 10% राशि |

19. किसी भी प्रकार की अनियमितता बरतने अथवा समयावधि में विश्वविद्यालय के निर्देशो के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं कर पाने तथा ऐसी संभावना होने पर विश्वविद्यालय को अपने विवेक पर आंशिक या पूर्ण कार्य वापस लेने का अधिकार होगा। साथ ही विश्वविद्यालय अन्य व्यवस्था करने के लिये स्वतंत्र रहेगा। वैकल्पिक व्यवस्था के कारण होने वाली हानि की पूर्ति के लिये विश्वविद्यालय निविदाकार अनुबंधग्रहिता से आर्थिक हानि की राशि पृथक से वसूल कर सकेगा अथवा निविदाकार का अनुबंध समाप्त कर धरोहर राशि एवं सुरक्षा जमा राशि जब्त कर सकेगा।

20. किसी भी विवाद की स्थिति में कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा अथवा कुलपति द्वारा एतद् गठित समिति का निर्णय मान्य एवं बाध्यकारी होगा।

21. न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जिला न्यायालय, रीवा का रहेगा।

22. निविदा भरते समय निविदाकार निम्नानुसार प्रपत्र लिफाफा B एवं C, मुख्य लिफाफे A मे रखें।

(i) लिफाफा B- इसमें धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रू.1,00,000/– का डी.डी. एवं निविदा प्रपत्र मूल्य 2000/– रू. की आनलाइन रसीद संलग्न करें।

(ii) लिफाफा B- में विश्वविद्यालय द्वारा टेण्डर शर्तो के अनुसार मांगे गए अन्य समस्त संलग्न की स्वयं सत्यापित छायाप्रतियां एवं कागज तथा OMR Sheet के नमूने आवश्यक रूप से भी रखे। इसके अभाव में निविदा अमान्य कर दी जाएगी।

(iii) दर प्रपत्र (वित्तीय बिड) (लिफाफा C) मे रखे।

(iv) मुख्य लिफाफा "A" में उपरोक्त लिफाफा B एवं C रखे कर सील बंद करें तथा लिफाफे के उपर OMR Sheet के निर्माण के लिये निविदा स्पष्ट अक्षरों में लिखें।

23. आवेदन करने पर संतोषजनक कार्य सम्पन्न होने की स्थिति में अमानत राशि वापस कर दी जायेगी।

24. OMR Sheet की अनुमानित संख्या दो लाख होगी।

**नोट :–प्रत्येक हस्ताक्षरित लिफाफे (b) अनुबन्ध ग्रहीता द्वारा निविदा में निर्धारित मानक के अनुसार आपूर्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा लिया गया निर्णय अनुबन्ध ग्रहिता को मान्य करना होगा। पर निविदाकार अपना नाम एवं पता लिखें।**

दिनांक ...................... को लिफाफा खोलते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया निम्न होगी।

1. सर्वप्रथम मुख्य लिफाफा खोलकर उसमें से लिफाफा A एवं B निकाले जायेंगे।
2. लिफाफा A खोला जाएगा। इसमें शर्त क्रमांक 4 में उल्लेखानुसार निविदा प्रपत्र के मूल का बैंक ड्राफ्ट एवं अर्नेस्ट मनी का बैंक ड्राफ्ट न पाये जाने पर तथा मांगे गये अन्य संलग्नकों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां न पाए जाने पर निविदा अमान्य कर दी जाएगी एवं आगामी लिफाफा B नहीं खोला जाएगा।
3. निविदा शर्तों के अनुसार सभी अभिलेख/प्रमाण पत्र/नमूने अंत में दर प्रपत्र (वित्तीय बिड) (लिफाफा B) दिनांक ...................... आनलाइन 4:00 बजे खोला जाएगा।
4. समस्त निविदाकार निम्न प्रमाण पत्र लिफाफे "A" में प्रस्तुत करें।

**प्रमाण पत्र की रूपरेखा**

मैं अधोहस्ताकर्ता निविदाकार ने निविदा पत्र की शर्त क्र. 01 से 24 तक को भली प्रकार पढ़ लिया है, समझ लिया है तथा मैं उक्त समस्त शर्तों को स्वीकार करता हूँ। मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा प्रपत्र स्वीकार हो जाने पर मैं निविदा पत्र की समस्त शर्तों का पालन करने के लिये बाध्य रहूँगा।

दिनांक : ....................

हस्ताक्षर ........................................................निविदाकार फर्म/नाम संस्था की मुद्रा सहित

## वित्तीय निविदा

| क्र0 | कार्य का विवरण | दर (रूपये प्रति OMR Sheet |
|---|---|---|
| 2 | OMR Sheet Designing Printing and Supply (A Grade मेपलीथो पेपर, 120 GSM) Minimum Qty 2,00,000 Sheet aprox. | |
| 3 | OMR Sheet Scaning, Data recognition, data extraction, data validation &marks evauation. | |

नोटः– प्रभावी GST का भुगतान, इसकी रसीद प्रस्तुत करने पर मान्य होगा। ।

संलग्नक EMD एम.पी. ऑनलाईन रसीद का विवरण रूपये ....................क्रमांक..............

....दिनांक.....................

शपथग्रहीता/हस्ताक्षर व सील ..............................................

प्रतिनिधि का नाम .............................................................

फर्म का नाम...................................................................

दिनांक..............